हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

मां अंगारमोती के दरबार में श्रद्धालुओं की कतार, पर्यटन क्षेत्र में पसरा सन्नाटा

# पंच, सरपंच बनने देवी के दरबार में पहुंच रहे प्रत्याशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल पर्यटन में इन दिनों दो तरह के नजारे दिख रहे हैं। पर्यटन क्षेत्र में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं माता के दरबार में श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। निकाय चुनाव की खुमारी अभी उतरी नहीं है। वहीं पंचायत चुनाव का जोश चरम पर है। स्थानीय मतदाता चुनाव में मशगूल हैं। वहीं जनप्रतिनिधि बनने की चाहत रखने वाले मां अंगारमोती के दरबार पहुंचकर जीत की मन्नत मांग रहे हैं।

आदि शक्ति अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से ऐसे लोग पहुंच रहे हैं जो निकाय और पंचायत चुनाव के मैदान में हैं। सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत प्रत्याशी लगातार देवी दरबार में पहुंच रहे हैं। सभी की मन्नत है कि उसे चुनाव में जीत मिले। ऐसे भी प्रत्याशी पहुंच रहे हैं जो आमने-सामने मैदान में हैं। दोनों में एक की जीत निश्चित है लेकिन माता किस पर कृपा बरसायेगी, वही जाने। उन्होंने बताया कि कुछ लोग पहले से मन्नत दे रहे हैं वहीं कई लोग मांग पूरी होने पर मन्नत देने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं।

## पर्यटकों की संख्या में गिरावट

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के प्रभारी श्री राय ने बताया कि पिछले सप्ताह से गंगरेल आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण निकाय और पंचायत चुनाव हो सकता है। लोग स्थानीय नेता चुनने में मस्त हैं। उन्होंने बताया कि शादी विवाह के लिए रिसोर्ट लगातार बुकिंग में हैं। वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह का कहना है कि पर्यटकों की कमी से क्रूज बोट का संचालन नहीं के बराबर हो रहा है। अन्य जिलों से पहुंच रहे सैलानी मोटरबोट, जेस्की, पायडल बोट का आनंद ले रहे हैं। होली पर्व तक पर्यटन के लिए सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहेगा।

## गंगरेल में 57 फीसदी जलभराव


गत वर्ष बारिश की कमी से गंगरेल बांध की हालत पतली हो गई थी। इस साल बांध में पर्याप्त पानी है। सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 16 फरवरी 2024 को गंगरेल बांध में 9.427 टीएमसी उपयोगी पानी था। गर्मी के अंतिम दिनों में निस्तारी पानी और पेयजल देने के दौरान बांध डेड स्टोरेज में चला गया था। इस साल बांध में रविवार को 15.414 टीएमसी पानी मौजूद है। भिलाई नहर में 400 क्यूसेक तथा पेयजल के लिए 400 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इस साल गंगरेल में पानी की कमी नहीं रहेगी।

## चुनाव में तांत्रिक, बैगाओं और दुआ पढ़ने वालों का चला जादू

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अगर कोई मालामाल हुआ है तो वह तांत्रिक, बैगा, फकीर, झाड़फूंक करने वाले और दुआ पढ़ने वाले। इन्होंने प्रत्याशियों से चुनाव जीतने के नाम पर हजारों रूपए ऐठ लिए। चुनाव में गारंटी के साथ जीत दर्ज करने का दावा भी किया। जो जीत गए वे खुश हैं, जो हार गए वे अब बैगाओं, तांत्रिकों का चक्कर काटना भूल जाएंगे। ऐसा ही मामला शहर के निगम एवं पंचायत चुनाव में देखने-सुनने को आया है। बता दें कि सब कुछ ठीक करने का दावा करने वाले तांत्रिक, बैगा शहर के सभी वार्डों सहित गांवों में दर्जनों दुकान खोलकर बैठे हैं। अवैध रूप से लाखों रूपए की कमाई कर रहे हैं। लोग अंधविश्वास के चक्कर में इन बैगाओं, पीर फकीरों के चक्कर में पड़कर लाखों लुटा देते हैं। यह मामला शहर में सुनने को आया, जहां महापौर, पार्षद चुनाव के समय प्रत्याशी जीत दर्ज करने पीर फकीरों, तांत्रिकों की दुकानों के चक्कर लगाए। एक वार्ड के प्रत्याशी और समर्थक बताते हैं कि वे भी दूसरे के बहकावे में आकर इन तांत्रिकों की दुकान में गए और हजारों रूपए की दक्षिणा दी। मंदिर, पूजास्थल में मनौती मांगकर दान किया। गरीबों को भोजन करवाए, कपड़े दिए फिर भी चुनाव हार गए, अब पश्चाताप हो रहा है। प्रत्याशी ने बताया कि हार का कारण पूछने पर तांत्रिक-पीर फकीरों का कहना है कि वे जैसा नियम बताया था, वैसा वे फॉलो नहीं किए इसलिए अच्छा रिजल्ट नहीं आया। अब फिर से चुनाव में खड़ा होने पर अच्छे से काम बनाएंगे, कहकर चुप करा दिए। पंचायत चुनाव में भी प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर है। पंच से लेकर सरपंच, जनपद, जिला पंचायत में दर्जनों प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रत्याशी मेहनत करने की बजाय पीर फकीरों, बाबाओं के चक्कर काट रहे हैं। मनोचिकित्सक डॉ. मजूमदार ने बताया कि बैगा, फकीर, बाबा, तांत्रिकों का चक्कर मन को भ्रमित करने वाला उपाय है। लोग अंधविश्वास के चक्कर में मेहनत नहीं करते। असफलता हाथ लगने पर पश्चाताप करते हैं तब तक समय, धन बर्बाद हो चुका होता है। मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालने वालों से दूर रहें।



- **नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में बैगा-गुनिया ने कमाये लाखों रूपए, हारने के बाद पश्चाताप में डूबे प्रत्याशी**




## खबर संक्षेप

### दुष्यंत महज 93 वोटों से पीछे रह गए



**धमतरी।** मराठापारा वार्ड क्रमांक 26 के निर्दलीय प्रत्याशी दुष्यंत घोरपड़े अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सतीश पवार भाजपा से महज 93 वोटों से पीछे रह गए। उन्होंने विजयी प्रत्याशी को कड़ी टक्कर दी। भाजपा के सतीश पवार को 558 मत, दुष्यंत घोरपड़े को 465 तथा तीसरे क्रम में नीलू पवार कांग्रेस रही। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 25 बांसपारा में भाजपा प्रत्याशी नम्रतामाला पवार को 943 मत, कांग्रेस की स्नेहा देशमुख को 411 मत, सुनीता यादव को 29 तथा नोटा में 19 मत पड़े। पोस्ट आफिस वार्ड में भाजपा की चंद्रभागा साहू को 466 मत, मनीषा पटेल कांग्रेस को 421 मत, संजीदा बेगम को 122 तथा नोटा में 16 वोट पड़े। बनियापारा वार्ड में भाजपा के युगलकिशोर यादव को 659 मत, निर्दलीय राजकुमार फूटान को 522 मत, कांग्रेस के कन्हैयालाल सोनी को 64 तथा नोटा में 9 मत पड़े। मोटर स्टैंड वार्ड में भाजपा के राकेश चंदवानी 841 मत तथा दिलीप बजाज को 342 मत मिले। नोटा में 23 मत पड़े। रिसाईपारा वार्ड में भाजपा के मेघराज ठाकुर को 432 मत, कांग्रेस के यश राजपूत को 376 मत तथा शेख जावेद को 397 मत प्राप्त हुए। नोटा में 9 मत पड़े।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के होनहार छात्र हुए सम्मानित

**कोर्रा(भखारा)।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन गायत्री परिवार के सदस्यों सविता साहू, पदमा साहू, सीमा साहू, टीकाराम साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गैलेक्सी हायर सेकेंडरी भखारा प्राचार्य, जानकी साहू, दुलौरिन साहू, रोशनी, विजय लक्ष्मी, तमिल साहू उपस्थित थे। इस दौरान भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी कुमारी अन्नपूर्णा साहू, कुमारी हर्षित साहू एवं आहूजा बैस को मैडल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## निधन

### चैतराम फूटान



**धमतरी।** शहर के बनियातालाब आमापारा निवासी चैतराम (जुगनू) फूटान 50 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे तथा रायपुर के अस्पताल में भर्ती थे। अंतिम यात्रा 16 फरवरी रविवार को गृह निवास बनिया तालाब पार आमापारा से शांतिघाट के लिए निकली। वे मोनू, अंकुश फुटान के पिता व बिसंतीन बाई के पति थे। धीवर समाज धमतरी परगना उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

भाजपा में विधायक चंद्राकर तो कांग्रेस में स्थानीय नेता ले रहे बैठक

# निकाय के बाद अब गांव की सरकार बनाने में जुटे भाजपा-कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गांव की सरकार बनाने में भाजपा-कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता जुट गये हैं। भाजपा एक ओर जहां नगर की ही तरह गांव में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने अग्रसर है तो दूसरी ओर कांग्रेस निकाय में मिले हार का बदला पंचायत चुनाव में लेने जुटी है।

ज्ञात हो कि कुरुद ब्लाक अंतर्गत आने वाले 4 जिला पंचायत, 25 जनपद क्षेत्र एवं 105 पंचायतों में सरपंच-पंच चुनने 20 फरवरी को मतदान होगा। हालांकि यह चुनाव गैरदलीय आधार पर हो रहा है लेकिन भाजपा-कांग्रेस दोनों ही दल ने पंच से लेकर जिपं सदस्य के लिए अपने अपने दल से अधिकृत प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। जिसे जिताने भाजपा-कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नेताओं से लेकर प्रदेश के दिग्गज नेता तक मोर्चा सम्हाल रहे हैं। चुनाव मात्र अब तीन दिन शेष रह गया है। ऐसे में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, कांग्रेस से पूर्व विधायक लेखराम साहू, विपिन साहू, तारिणी चंद्राकर, तपन चंद्राकर व आशीष शर्मा बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं।





### कार्यकर्ताओं की प्रतिष्ठा का चुनाव

भाजपा की ओर से बड़े चेहरे के तौर पर स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर बैठक लेकर पार्टी के पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताकर गांव में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। वे प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत बता रहे। वे बैठक लेकर बता रहे कि निकाय, विधानसभा और लोकसभा का चुनाव पार्टी चिन्ह पर आधारित होता है जबकि पंचायत में नहीं। यह चुनाव पार्टी का नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की जीत-हार व प्रतिष्ठा का चुनाव है।

### कांग्रेस लेगी हार का बदला

दूसरी ओर निकाय चुनाव में करारी हार मिलने के बाद कांग्रेस ने अब हर एक वार्ड, मोहल्ला, गांव व क्षेत्र को सम्हालने में ज्यादा सावधानी बरतनी शुरू कर दी है। वे निकाय में मिली हार का बदला पंचायत चुनाव में जीत दर्ज कर लेने की बात अपने कार्यकर्ताओं से कह रही है। साथ ही प्रदेश सरकार की नाकामी गिना क्षेत्र में बीते पंचवर्षीय चुनाव की तरह पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत क्षेत्र की सीटों में अपना दबदबा कायम रख फिर से जनपद व जिला में कब्जा करने की बात कर रही है। लगातार चुनावी बैठकें व सभा आयोजित कर इस चुनाव को विधानसभा से भी ज्यादा गंभीरता से लड़ने व हर एक मतदाता को साधने कम से कम पांच कार्यकर्ता को काम करने का मंत्र दे रही है।

## सांकरा में कलश यात्रा के साथ 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरु



- शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रज्ञा पुत्रों ने देव कलश की स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा/नगरी

ग्राम सांकरा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को मंगल कलश यात्रा के साथ 51 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राम भुवन सार्वा थे। अध्यक्षता रमेश सार्वा प्रबंध ट्रस्टी, ब्लॉक रामकुमार सामरथ समन्वयक, इकाई अध्यक्ष टेमन कश्यप, धर्मेन्द्र साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, देव पूजन, धर्म ध्वजा के आरोहण से की गई। आयोजन में नारी शक्ति की विशेष भूमिका रही। शोभायात्रा में गायत्री परिवार की सातों इकाई के परिजनों की सहभागिता रही। जगह-जगह मंगल कलश यात्रा का स्वागत किया गया। मंगल कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर गांधी चौक, बस स्टैंड होते हुए मां सती माई एवं दंतेश्वरी माई बीचपारा से पुनः बस स्टैंड होते हुए यज्ञशाला देव मंच पर स्थापित हुई। शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रज्ञा पुत्रों द्वारा देव कलश का पूजन, स्थापना की गई। आज के युग में यज्ञ की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगभग 2000 गायत्री परिजन शामिल हुए।

## नपं चुनाव : भाजपा को भितरघात का दंश, 4 वार्डों में मिली हार

- वार्ड 3, 4, 8 और 15 में गुटबाजी और भितरघात को माना गया हार का कारण
- भाजपा जिलाध्यक्ष और पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

पराजित प्रत्याशियों ने संगठन से अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की



नगर पंचायत नगरी में संपन्न हुए चुनावों में भाजपा को वार्ड क्रमांक 3, 4, 8 और 15 से हार का सामना करना पड़ा। हार स्वीकारते हुए भाजपा प्रत्याशियों ने इसे आम जनता का निर्णय बताया, लेकिन उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की गुटबाजी और भितरघात को सबसे बड़ा कारण माना।

वार्ड क्रमांक 4 से भाजपा प्रत्याशी सुनील निर्मलकर ने हमारे सवांददाता से दूरभाष पर चर्चा करते हुए बताया कि एक निर्दलीय प्रत्याशी ने मतदाताओं को यह कहकर भ्रमित किया कि वे भाजपा से ही जुड़े हैं। इससे भाजपा के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगी और वे पराजित हो गए। वार्ड क्रमांक 8 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कामिनी साहू ने अपनी हार के लिए वार्ड में ही रहने वाले पार्टी के ही कुछ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया, जिन्होंने मतदाताओं को गुमराह किया और भितरघात किया। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन से नाराज तथा व्यक्तिगत विद्वेश के चलते कुछ कार्यकर्ताओं ने खुलकर विरोध नहीं किया, लेकिन वार्ड में मतदाताओं को भाजपा के खिलाफ भड़काने का काम किया जो उनकी पराजय का कारण बना। वार्ड क्रमांक 15 से भाजपा प्रत्याशी रवेंद्र साहू ने भी अपनी हार के लिए वार्ड में ही रहने वाले पार्टी के ही कुछ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया। वार्ड क्रमांक 3 के भाजपा प्रत्याशी लोकेश साहू ने कहा कि उनकी हार का कारण पार्टी कार्यकर्ताओं की गुटबाजी नहीं, बल्कि उनके अपने करीबी लोगों का साथ न देना रहा।

पराजित भाजपा प्रत्याशी सुनील निर्मलकर और श्रीमती कामिनी साहू ने इस मामले को पार्टी संगठन के संज्ञान में लाने और भितरघात करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। वहीं भाजपा प्रत्याशियों की हार का कारण पार्टी कार्यकर्ताओं का विरोध में कार्य करने की जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष को होने पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए भविष्य में पार्टी स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

इस घटनाक्रम से भाजपा संगठन में उथल-पुथल मच गई है और चुनाव में निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है।

## अरूण को मतदाताओं का मिल रहा व्यापक समर्थन

- भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने हिंछापुर समेत कई गांवों में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुण कुमार सार्वा का जनसंपर्क अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायत हिंछापुर के हनुमान मंदिर बाल मंडली हिन्छापुर भवन में जनसंपर्क किया। ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर श्री सार्वा का अभिनंदन किया। भाजपा प्रत्याशी अरूण सार्वा व उनके समर्थक मतदाताओं से मतदान कर अपना आशीर्वाद व समर्थन देने की अपील कर रहे हैं। हर गांव में बैनर-पोस्टर और जनसभाओं के माध्यम से मतदाताओं को उनके समर्थन में जुटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को उनसे विशेष उम्मीद है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि अरुण सार्वा क्षेत्र के विकास के लिए नया चेहरा बनकर आ रहा है और सभी गांव में विकास का नया इतिहास रचेगा। जनसंपर्क के दौरान श्री सार्वा ने कहा कि किसानों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

मौके पर चुनाव प्रभारी रवि दुबे, राजेश गोसाई जनपद सदस्य प्रत्याशी, संजय श्रीमाली सरपंच प्रत्याशी, सुंगध साहू, सतीष बबलू साहू, शशिभूषण साहू, श्रवण यादव, शंकर साहू, घनश्याम नागे, सहनूराम साहू, गैंदू साहु, कोमल नागे, महेंद्र चौबे, सत्तू सिन्हा, चंदन राजपूत, नीरज चनाप, गोपाल ध्रुव, रेश्मा कुंजाम, सविता ध्रुव, भामा चौबे, उमा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### डीईओ ने किया भाठागांव स्कूल का निरीक्षण



**सिर्री।** जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले शासकीय उच्चता माध्यमिक शाला भाठागांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। कक्षा 10 वीं, 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर विषय संबंधी जानकारी और परीक्षा की तैयारी, स्वास्थ्य व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। संस्था के शिक्षकों को लक्ष्य बनाकर अध्यापन कार्य कराने और सभी सवालों को हल कराने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

### सशिमं आमदी में छात्रों ने उतारी माता-पिता की आरती



**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में मातृ पितृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व माता-पिता की आरती से हुआ। मातृ-पितृ दिवस के संबंध में गीत, भाषण, पूजन वंदन का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जागेश्वर साहू एवं योगेश्वर साहू ने छात्र-छात्राओं को मातृ पितृ पूजन का महत्व समझाया। बताया कि एक व्यक्ति का प्रथम गुरु माता-पिता होता है। इनका कभी भी तिरस्कार न करें। इस आयोजन में प्राचार्य जनकराम साहू, शिक्षक प्यारेलाल, चंद्रहास साहू, लोमेश्वर साहू, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवलराम, चित्रसेन, पूजा, तारिणी, चमेली, प्रेमा आदि का सहयोग रहा।

### चरमुड़िया में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया



**डांडेसरा(धमतरी)।** 14 फरवरी को चरमुड़िया रेलवे स्टेशन में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में माता-पिता अपने बच्चों के साथ शामिल हुए। मातृ-पितृ दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन में माता-पिता के प्रति सम्मान को जगाना है। आजकल बच्चे संस्कार को भूल गए हैं। कार्यक्रम में माता-पिता का बच्चों के प्रति प्रेम को दर्शाया गया है। इस आयोजन में राकेश सिन्हा, खिलावन सिन्हा, नारायण मारकंडे, जागेश्वर साहू, ज्ञानेश्वर मारकंडे, सोनाक्षी सिन्हा का योगदान रहा। इस अवसर पर श्रीमती भवानी पटनायक, श्रीमती दामिनी साहू, श्रीमती संतरे वर्मा, श्रीमती लता पटेल, श्रीमती दमयंती यादव, श्रीमती पार्वती, श्रीमती ईश्वरी पटेल उपस्थित थीं।

### बगौद में एक जोड़ा का हुआ आदर्श विवाह



**सिर्री।** ग्राम चरमुड़िया निवासी स्व. राजकुमार साहू की पुत्री रुक्मणि साहू एवं ग्राम कोर्रा निवासी स्व. नरेन्द साहू के पुत्र छगन साहू का विवाह 12 फरवरी को ग्राम बगौद में मरादेव प्रांगण स्थित साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा मंदिर में हुआ। परिक्षेत्र के प्रमुख रिखीराम साहू, सलाहकार ताराचंद साहू, साहू समाज चरमुड़िया अध्यक्ष भुवन साहू, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप साहू, उपाध्यक्ष कीर्तन साहू, सचिव गोपेन्द्र साहू, पूर्व सचिव अरुण साहू, रामस्वरूप साहू, कृष्णा साहू ने नये दंपति को सुखी जीवन जीने का आशीर्वाद प्रदान किया।

Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन, राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड, राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरूद, नगरी, मगरलोड, आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी, 3X2 के 100 बैनर, फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी, 4X2.5 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
| --- | --- | --- | --- |
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली तख्ती | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| बैनर | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| बैनर | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| बैनर | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| बैनर | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| बैनर | 20X10 | 1400 | प्रति नग |


राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
हीरा आर्ट्स
सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें 93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## नगरी-धमतरी कालेज के रसायनशास्त्र विभाग के मध्य हुआ एमओयू

- दोनों संस्थान के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉ. विनोद पाठक एवं शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में अमित साहू विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र बीसीएस शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय धमतरी एवं डॉ . कविता नारंग विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के संयोजन में दोनों महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग के मध्य एमओयू किया गया।

एमओयू अर्थात औपचारिक समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थान के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है। एमओयू अंतर्गत दोनों महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग परस्पर विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करेंगे जिससे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित होंगे। स्टूडेंट एक्सचेंज अर्थात छात्र विनिमय कार्यक्रम अंतर्गत छात्रों को एक दूसरे संस्थान में अध्ययन एवं अनुसंधान के अवसर प्रदान किये जायेंगे जिससे उन्हें व्यापक अनुभव एवं ज्ञान प्राप्त होगा। दोनों संस्थान में नियमित रुप से कार्यशालाओं और संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमें दोनों संस्थान के छात्र-छात्रायें और संकाय सदस्य भाग लेंगे। संकाय विनिमय में संकाय सदस्य एक दूसरे के संस्थानों में जाकर शिक्षण एवं अनुसंधान में सहयोग करेंगे। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि नैक मूल्यांकन एवं एनईपी-2020 की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ.दीपा देवांगन, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, रंजना साहू, नेहा राजन, सीता नेताम, सागर मण्डावी, अविरल तिवारी, अब्बास मेमन, कृष्णकुमार सिन्हा समेत रसायनशास्त्र विभाग के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

सबसे कम रेट पर
सभी चुनाव प्रचार सामग्री
* फ्लैक्स बेनर * सादा पाम्पलेट * नकली मतपत्र
* फ्लैक्स लोहा फ्रेम * मल्टीकलर पाम्पलेट * नकली मतपत्र कलर
* फ्लैक्स लकड़ी फ्रेम * बिल्ला
* कटाउट * झण्डा
सरपंच, पंच, जनपद, जिला पंचायत
चुनाव प्रचार सामग्री एक ही छत के नीचे प्राप्त करें
संजय आर्ट्स
सिहावा रोड फारेस्ट ऑफिस के सामने, सी मार्ट के बाजू, धमतरी
सिहावा चौक डागा धर्मशाला के सामने, धमतरी
Mo.9685548560, 9685928560
9827111438, 7000909964

## इतवारी बाजार अपडेट : ग्वारफली, मुनगा, ढेस, कटहल की आवक घटी

# गर्मी बढ़ने के साथ हरी सब्जियों का पारा चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शीत ऋतु की विदाई के साथ फरवरी माह में ही अंचल में तेज गर्मी पड़ने लगी है जिसके कारण हरी सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है और बाजारों में दाम बढ़ गए हैं। कुछ सब्जियां ऐसी है जिसका रेट आसमान पर है, तो वहीं कई सब्जियों के दाम काफी कम है। आवक कम होने की वजह से ग्वारफली, कटहल, ढेंस के दाम 80 से 100 रुपए प्रतिकिलो है तो वहीं टमाटर 6 से 7 रूपए किलो तथा मूली, पत्तागोभी, लौकी, गोभी 10 से 20 रुपए किलो हो गई है। कृषक गैंदलाल सोनकर का कहना है कि गर्मी सीजन में 50 से 60 प्रतिशत सब्जी खेती का रकबा घट जाता है। सिंचित व फार्म हाऊस क्षेत्र में सब्जी का उत्पादन होता है। चार माह तक रेट बढ़े रहेंगे।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। मनपसंद सब्जियों के रेट बढ़ जाने से उन्हें निराशा हुई। लोग सस्ती सब्जियों का पसरा ढूंढने में लगे रहे। सब्जी विक्रेता सुभाष सोनकर, धनंजय सोनकर ने बताया कि मुनगा 100 रूपए किलो रहा। करेला, ग्वारफल्ली, मिर्च 60 रुपए किलो बिकी तो ढेंस, अदरक, कोचई 80 रुपए किलो रहा। कुंदरू, डोड़का, तोराई, कटहल 50 रूपए किलो रहा। भिंडी, धनिया, शिमला मिर्च, मेथी भाजी 40 रुपए किलो रहा तो भटा, कुम्हड़ा, गोभी, मूली, सेमी 20 रुपए किलो बिका। नवलगोल, लौकी 10 रुपए में बिका तो टमाटर 6 से 7 रूपए किलो रहा।

### बाजार में आया नया लहसुन

उपभोक्ताओं को लहसुन की बढ़ी कीमत से निजात मिल गई। 300 रुपए किलो में बिकने वाले लहसुन की नई खेप बाजार में आ गई है। चिल्हर में इसकी कीमत 130 रुपए है। किराना व्यापारी देवकुमार ने बताया कि आलू 20, प्याज 40, शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी 150-200, मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 290, काली मिर्च 780, रिफाइन तेल 130, सरसों 75, मेथी 80, राहर दाल बेस्ट 120, मूंगदाल 110, उड़ददाल 110, मसूरदाल 85, चना देशी 80, काबुली चना 120-150, मटर सफेद 60, हरा मटर 100, चनादाल 80, पोहा 50 रूपए किलो रहा। अंडा इस सप्ताह 65 रुपए दर्जन रहा।

## नगरी में भाजपा का कब्जा

# भाजपा की रणनीति ने दिलाई जीत कांग्रेस का सामाजिक समीकरण फेल

- बलजीत छाबड़ा का व्यक्तित्व जीत में बड़ी भूमिका बनी
- भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस और महेंद्र पंडित की रणनीति रही कारगर
- वरिष्ठ भाजपा नेताओं की निष्क्रियता से चुनाव में आई चुनौतियां



बलजीत छाबड़ा — प्रकाश बैस — महेंद्र पंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी के चुनाव में भाजपा ने जहां अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, वहीं कांग्रेस की सामाजिक समीकरण आधारित रणनीति पूरी तरह फेल हो गई। कांग्रेस ने पूरे चुनाव के दौरान विभिन्न समाजों के मतदाताओं को जोड़कर जीत की कोशिश की, लेकिन जनता ने इस गणित को नकारते हुए भाजपा को समर्थन दिया। भाजपा की इस जीत में सबसे अहम भूमिका सही प्रत्याशी चयन, सशक्त प्रचार-प्रसार और व्यक्तिगत जनसंपर्क अभियान की रही। भाजपा प्रत्याशी बलजीत छाबड़ा ने चुनाव प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी और हर घर जाकर मतदाताओं से सीधा संवाद किया। इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस और नगरी नगर चुनाव प्रभारी महेंद्र पंडित, चुनाव संचालक नागेंद्र शुक्ला की प्रभावी रणनीति ने जीत का मार्ग प्रशस्त किया। राज्य और केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का असर भी जनता पर साफ दिखा।

### नगरी के मतदाताओं ने विकास और नेतृत्व पर दिया जोर

इस चुनाव ने यह संदेश दे दिया कि अब केवल सामाजिक समीकरणों के सहारे जीत हासिल करना संभव नहीं है। जनता अब नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता और विकास को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा की यह जीत दिखाती है कि अगर सही प्रत्याशी चुना जाए और जमीनी स्तर पर मेहनत की जाए,तो गुटबाजी जैसी चुनौतियों के बावजूद सफलता हासिल की जा सकती है।

### भाजपा के भीतर ही दिखी गुटबाजी, प्रत्याशी को झेलनी पड़ी परेशानी

हालांकि भाजपा की इस जीत में कई मुश्किलें भी आईं। पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और चर्चित कार्यकर्ता चुनावी मैदान में सक्रिय नजर नहीं आए। कुछ कार्यकर्ताओं ने तटस्थ रवैया अपनाया, जिससे बलजीत छाबड़ा को प्रचार के दौरान अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ी। चुनाव के दौरान यह साफ देखा गया कि कई भाजपा नेताओं ने वह सक्रियता नहीं दिखाई, जिसकी आवश्यकता थी।

### कांग्रेस के दांव हुए फेल, भाजपा संगठन की ताकत बनी जीत का कारण

कांग्रेस ने इस चुनाव में पूरी ताकत झोंकते हुए विभिन्न समाजों का समर्थन जुटाने की रणनीति अपनाई थी। उसके वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता पूरी एकजुटता से मैदान में उतरे थे। लेकिन भाजपा के मजबूत संगठन और प्रत्याशी की व्यक्तिगत छवि और मेहनत ने कांग्रेस की रणनीति पर पानी फेर दिया।

# गोकुलपुर में एकतरफा, रिसाईपारा पश्चिम में एक वोट से जीत-हार

**धमतरी।** नगर निगम चुनाव 2025 में कई वार्डों में एकतरफा तो कई वार्डों में कांटे की टक्कर रही। एक वोट का महत्व रिसाईपारा पश्चिम में देखने को मिला, वहीं गोकुलपुर वार्ड में एकतरफा जीत का रिकार्ड दर्ज किया गया है।

रिसाईपारा पश्चिम वार्ड में मात्र 1 वोट से हार-जीत का फैसला हुआ है। यहां भाजपा के सुभाष चंद्राकर को कुल 299 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस के पार्षद योगेश लाल और पूर्व पार्षद पवन लिखी के बीच कांटे की टक्कर थी। योगेश लाल को 358 मत तथा पवन लिखी को 357 मत प्राप्त हुए। नोटा को 10 वोट मिले। योगेश लाल मात्र 1 वोट से जीत दर्जकर निगम के सदन में पहुंच गए हैं। गोकुलपुर वार्ड में कांग्रेस-भाजपा में आमने सामने की भिड़ंत हुई। भाजपा के गजेंद्र कंवर ने 1350 मत प्राप्त किए। कांग्रेस ने तत्कालीन पार्षद सविता कंवर पर भरोसा जताया था। उन्हें 494 वोट मिले, जबकि नोटा में 59 मत डाले गए। गजेंद्र कंवर ने निगम चुनाव में रिकार्ड 856 वोटों से एकतरफा जीत हासिल की।

## श्रद्धापूर्वक मातृ–पितृ दिवस मनाया गया

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय आमातालाब धमतरी में 14 फरवरी शुक्रवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा भाव से मनाया गया । इस अवसर पर छात्रों के आमंत्रित मातृशक्ति एवं अभिभावकों का उनके पाल्यों के द्वारा योग वेदान्त सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सेवादारों के मार्गदर्शन में पूजन–अर्चन कराया गया। मातृशक्ति द्वारा अपने संतानों के सिर पर अपार स्नेह एवं प्रेम की वर्षा की गई।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा इलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जांच
एलर्जी
Dental & Cosmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतो की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130










परिचर्चा : 5 साल बाद भाजपा को मौका, कांग्रेस महज 8 सीटों पर सिमटी

# निगम की नई सरकार से शहर की जनता को कई उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सुबोध महावर | लीलाराम साहू | आलोक देव | विकास मोटवानी | अंकित अग्रवाल | पप्पू भैरव | आनंद साहू

नगर पालिक निगम चुनाव में रामू रोहरा महापौर चुने गए। इसी के साथ ही भाजपा के 27 पार्षद भी चुनाव जीतकर निगम पहुंचे। कांग्रेस ने महज 8 सीट ही प्राप्त की। इस बार निर्दलीय की संख्या 5 है। कांग्रेस पार्टी ने महापौर के लिए प्रत्याशी नहीं उतार पाई। 5 साल बाद भाजपा को निगम में सरकार बनाने का मौका मिला है। इसी के साथ जनता को भी इस नई सरकार को कई उम्मीद हैं। लोक लुभावने व घोषणा से ऊपर उठकर भाजपा की सरकार को अब धमतरी का विकास करना ही होगा। विकास को धरातल पर उतारकर जनता को जवाब देना है। शहर की जनता ने इस उम्मीद से भाजपा को फिर से मौका दिया है।

शहरी नागरिक सुबोध महावर ने कहा कि शहर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने के साथ साफ सफाई की उचित व्यवस्था जरूरी है। जल निकासी, खेत मैदानों का जीर्णोद्धार, नशा उन्मूलन की दिशा में कार्य, गार्डन पार्क का उचित रखरखाव, सड़क, बिजली, पानी, नाली जरूरी है।

समाजसेवी लीलाराम साहू ने कहा कि नई सरकार शहर में यातायात सुविधा बहाल करवाएं, सदर चौड़ीकरण, चौक-चौराहों में प्रसाधन, साफ सफाई, ड्रेनेज सिस्टम, अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग, पेयजल, बिजली, सड़क, नाली बनाने की दिशा में कार्य करें।

स्पोटर्स टीचर आलोक देव का कहना है कि निगम सरकार खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान के प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा करें। स्टेडियम खेल मैदान, खेल परिसर, आउटडोर, इंडोर स्टेडियम का कायाकल्प कर खेल संसाधन मुहैया कराए।

विकास मोटवानी का कहना है कि नगरवासियों को उम्मीद है कि 135 वर्षों से पिछड़ापन का कोहरा अब समाप्त होगा। नगर में व्याप्त समस्याओं का योजनाबद्ध तरीके से समाधान करें। गोकुलनगर, ट्रांसपोर्ट, औद्योगिक नगर, बस स्टैंड आदि को विकसित करें। गायों के लिए गौशाला बनावाएं। धूल से मुक्ति दिलाएं। सड़कों की मरम्मत करवाएं। जल निकासी की समस्याएं दूर करें।

समाजसेवी अंकित अग्रवाल का कहना है कि शहर को मार्डन सिटी बनाने के साथ नया बस स्टैंड, गोकुल नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, ड्रेनेज सिस्टम, ड्रेन टू ड्रेन सड़क, सड़क चौड़ीकरण, बाजारों को सर्वसुविधायुक्त बनाना आवश्यक है। पार्किंग बनाने के अलवा धूलमुक्त शहर, गार्डन, तालाबों का जीर्णोद्धार जरूरी है।

शहरी नागरिक पप्पू भैरव, आनंद साहू का कहना है कि निगम सरकार पारदर्शिता अपनाएं। जवाबदेही सुनिश्चित करें। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, जनभागीदारी और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करें। गोकुल नगर में डेयरियों को शिफ्ट करें। साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दें। यातायात सुगम बनाएं। सदर चौड़ीकरण, पार्किंग, अवैध प्लाटिंग, अतिक्रमण से मुक्त करें। अवैध कालोनी नियमित करें। तालाबों, गार्डन का जीर्णोद्धार करें। पेयजल की समस्या पर ध्यान दें।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

# धमतरी-मगरलोड क्षेत्र में मतदान आज

- 2 लाख 39 हजार से ज्यादा मतदाता चुनेंगे जनप्रतिनिधि
- पंच, सरपंच, जनपद एवं जि.पं. सदस्यों का होना है चुनाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रथम चरण में आज 17 फरवरी को धमतरी और मगरलोड क्षेत्र के लिए मतदान होगा। कुल 156 सरपंच सहित 2688 वार्ड पंच के लिए चुनाव होगा। जनपद पंचायत धमतरी के 94 से 93 ग्राम पंचायतों में सरपंच का चुनाव होना है। एक पंचायत में सरपंच निर्विरोध चुना गया। वहीं 94 ग्राम पंचायतों में 1420 पंचों के चुनाव होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत मगरलोड में 63 ग्राम पंचायत हेतु 270 सरपंच पद के अभ्यर्थी मैदान पर होंगे। इसी तरह पंच के कुल 1268 अभ्यर्थियों के लिए मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाएगा। 48 जनपद सीट के 127 और 6 जिला पंचायत सदस्यों के लिए 16 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। जनपद पंचायत सदस्यों की बात करें तो धमतरी और मगरलोड की कुल सीटों के लिए 48 क्षेत्र के लिए 127 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

जिला पंचायत सदस्यों की बात करें तो धमतरी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5,6,7 धमतरी विकासखंड में एवं 8, 9 मगरलोड विकासखंड अंतर्गत आते हैं। क्षेत्र क्रमांक 10 दोनों विकासखंड में शामिल हैं। 2 लाख 39 हजार से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। प्रथम चरण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में धमतरी और मगरलोड विकासखण्ड के 2 लाख 39 हजार 110 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पारदर्शी व निष्पक्ष मतदान के लिए करीब 2000 अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदान कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। सभी 156 मतदान केंद्रों में मतदान सामग्री सहित मतदान दलों को सकुशल रवाना व वापसी हेतु करीब 262 वाहनों की व्यवस्था की गई है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस अधिकारियों सहित जवान में तैनात रहेंगे। जनपद पंचायत धमतरी और मगरलोड अंतर्गत 156 ग्राम पंचायतों में होने वाले पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी ने मतदान कर्मियों, अधिकारियों, पुलिस जवानों, कोटवारों को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए शुभकामनायें दी हैं।

हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में
अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में 10वी बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में
जनता की मांग पर 5 दिन के लिए : 5 फरवरी से 21 फरवरी 2025 तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नो के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वही मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक)
पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-

# करोड़ों की ठगी के मामले में अब शिक्षक गिरफ्तार

- सरकारी नौकरी का झांसा देकर 65 बेरोजगारों से 5 करोड़ की ठगी, कुल 8 आरोपी दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अलग-अलग विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी मामले में धमतरी के शिक्षक को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ठगी के इस मामले में 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामला 65 लोगों से 5 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी का है।

ठगी का मामला राजधानी रायपुर का है। 29 जनवरी को प्रार्थिया अंजना गहिरवार ने सिविल लाइन रायपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फरवरी 2021 में वह अपने रिश्तेदार देवेंद्र जोशी, झगीता जोशी के घर गई थी। जहां नौकरी की इच्छा जाहिर करने पर उन्होंने बड़े अधिकारियों से जान पहचान का झांसा दिया। बड़े अधिकारियों से सेटिंग होना बताकर अंजना गजेंद्र लहरे, कुणाल देव, भुनेश्वरी सोनवानी तथा अन्य लोगों से 25-25 लाख रूपए लिए। मामले में सिविल लाइन थाना रायपुर में धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस आरोपी देवेन्द्र जोशी, झगीता जोशी, स्वप्निल दुबे, नफीज आलम, हलधर बेहरा और सोमेश दुबे को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ के दौरान धमतरी के कपिल देशलहरे का नाम भी उजागर हुआ। रायपुर पुलिस ने धमतरी पहुंचकर कपिल देशलहरे को गिरफ्तार किया। श्री देशलहरे ने आरोप स्वीकार करते हुए कई बेरोजगारों से फूड इंस्पेक्टर एवं अन्य विभागों में नौकरी लगाने के लिए करीब 30 लाख रुपए स्वप्निल दुबे को देना बताया। इस ठगी के मामले में 65 बेरोजगारों से 5 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी की गई है। आरोपी कपिल देशलहरे प्राथमिक शाला रामसागरपारा धमतरी में सहायक शिक्षक एलबी के पद पर पदस्थ हैं।

## मूट कोर्ट एक्सरसाइज एंड इंटर्नशिप की मौखिक परीक्षा 25 को

**धमतरी।** विधि संकाय में अध्ययनरत समस्त एलएल.बी.तृतीय वर्ष प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए दिनांक 25 फरवरी 2025 को समय-प्रातः 10.30 बजे से महाविद्यालय के विधि विभाग में मूट कोर्ट एक्सरसाईज एवं इंटर्नशिप की मौखिक परीक्षा का अयोजन किया गया है। अतः समस्त संबंधित परीक्षार्थी अनिवार्यतः अपनी प्रायोगिक फाईल के साथ उपस्थित रहें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध
गायत्री मंदिर, कुरूद में 18 फरवरी, मंगलवार
सूरज मेडिकल घड़ी चौक, धमतरी में 19 फरवरी, बुधवार
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर
लगभग 1500/- की जांच बिलकुल फ्री
ECG (हार्ट की जांच), BMI (हड्डी की जांच)
मोटापे की जांच • मूत्र रोग
पाईल्स, भंगदर की जांच मशीन द्वारा
खून की जांच FREE थायराइड, हीमोग्लोबिन कैल्शियम, यूरिक एसिड, कॉलेस्ट्रॉल
Dr Lal PathLabs
किडनी एवं मूत्र रोग :
पेशाब करते समय जलन, दर्द, छाले, कमजोर धार, ताकत लगाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब करने के बाद ऐसा लगे की पेशाब अधूरा है और कल लू, पेशाब कपड़े पर लीकेज (छूट जाना) झाग, बदबू। पेनिस पर दाने, खुजली, चमड़ी का फटना (Herpes Simplex Virus), क्या पेशाब के रास्ते में पाईप डालते है ? यौन कमजोरी, शीघ्रपतन, (Erectile Dysfunction)
: बीमारी:
UTI (बार-बार Infection Pus Cell बनना)
पोस्ट्रेट, पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture) दवा द्वारा निदान।
अंडकोष पर सूजन : (Hydrocele, Varicocele)
पथरी : मूत्र मार्ग (Ureter Stone)
(Urea Creatinine) बढ़ता है क्या ?
शुगर : शुगर के कारण सुस्ती, कमजोरी, थकान, दर्द। पांव के तलवे में जलन एवं झुनझुनी। शुगर के कारण पेनिस पर दाने, छाले, लालिमा, दर्द, फट जाना एवं यौन कमजोरी (Erectile Dysfunction)
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
असुविधा से बचने के लिए अग्रीम रजिस्ट्रेशन करायें
मिरैकल्स होम्योपैथी
स्थाई पता - कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
9 दिन
18 मार्च से 26 मार्च, 08 अप्रैल से 16 अप्रैल
06 मई से 14 मई, 22 मई से 30 मई, 04 जून से 12 जून 2025
माल रोड, फागू, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्कैंडल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिकरन
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

आज का स्पेशल ऑफर
सुमीत बाजार
धमतरी में...
बाजार मूल्य ₹399 से ₹599 वाली समर स्पेशल 100% कॉटन फैंसी प्रिंटेड 3 गाऊन
3 पीस ₹299 में
ऑफर स्टॉक रहने तक
बाजार मूल्य ₹35 से ₹50 प्रति पीस वाली एक्सपोर्ट क्वालिटी जेकार्ड डायनिंग टेबल मैट
₹5 में
मिनीमम 6 पीस लेने पर...
ऑफर स्टॉक रहने तक
*condition apply
अमलतासपुरम के पास, रूद्री रोड, धमतरी